# संतुलित उर्वरक से बचेगी धरती : शिवराज

**प्राकृतिक खेती अपनाएं भविष्य सुरक्षित बनाएं शिवराज की अपील**



**नई दिल्ली, 30 जून. हरियाणा के रेवाड़ी स्थित कृषि महाविद्यालय, बावल में खेत बचाओ अभियान के समापन एवं हरियाणा एफपीओ मिशन के शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को टिकाऊ कृषि, संतुलित उर्वरक उपयोग और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का मजबूत संदेश दिया.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की, जबकि हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य मंत्री श्याम सिंह राणा विशिष्ट अतिथि थे. कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत को वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध, शक्तिशाली, आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का संकल्प तभी पूरा होगा, जब देश का किसान विकसित और समृद्ध होगा. चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने का संकल्प दोहराते हुए हरियाणा सरकार की नीतियों की खुलकर प्रशंसा की. चौहान ने किसानों को याद दिलाया कि कभी भारत को लाल गेहूं अमेरिका से मंगाना पड़ता था, लेकिन आज हरियाणा जैसे राज्यों के प्रयासों से देश के अनाज भंडार भर चुके हैं. चावल उत्पादन में भारत दुनिया में नंबर एक पर पहुंच गया है.

> चौहान ने कहा कि हरियाणा वह प्रांत है जहाँ 24 फसलों पर एमएसपी दी जा रही है, भावांतर भुगतान योजना लागू है, और बागवानी फसलों, सब्जियों एवं फलों पर भी भावांतर के माध्यम से किसानों को उनके पसीने की पूरी कीमत दी जा रही है. चौहान ने मेरी फसल, मेरा खेत, मेरा ब्यौरा' तथा 'मेरा पानी, मेरी विरासत जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन प्रयासों से हरियाणा पूरे देश को नई राह दिखा रहा है और कई राज्यों को यहां से सीखने की आवश्यकता है.



## अफगानिस्तान हमलों पर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई


**काबुल.** अफगानिस्तान के पक्तिया, पक्तिका और कुनार प्रांतों में पाकिस्तान की ओर से किए गए हवाई हमलों की दुनिया के कई देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने कड़ी निंदा की है. इन हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित 36 नागरिकों की मौत हो गई जबकि 163 लोग घायल हो गए. तालिबान सरकार के उप-प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने सोमवार को हमले में हुई जनहानि का अपडेट दिया.

# नीति स्पष्ट हो तो ईमानदार के लिए सरल हो जाता है

**▶ गृह मंत्री ने किया एफसी आरए 2.0 पोर्टल का शुभारंभ**

**नई दिल्ली 30 जून. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को यहां विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम, एफसी आरए 2.0 पोर्टल तथा ई-ओसीआई कार्ड का शुभारंभ किया और कहा कि इससे नागरिकों को सुविधाएं बढेंगी.**

श्री शाह ने कहा कि इन दोनों पहलों से नागरिकों की सुविधाएं बढेंगी और विशेष रूप से एफसीआरए पोर्टल से दान प्राप्त करने वालों की दिक्कतें दूर होंगी. उन्होंने कहा, जब नीयत साफ हो, नीति स्पष्ट हो और तकनीक को स्वीकारने की मानसिकता तो सभी प्रकार का शासन ईमानदार लोगों के लिए बहुत सरल हो जाता है, गलत करने वालों पर पैनी निगरानी की व्यवस्था होती है और देश को अधिक से अधिक सुरक्षित बनाया जा सकता है. उन्होंने कहा कि पुरानी सरकारों में एफसीआरए की व्यवस्था फाइलों और प्रक्रियाओं में उलझी हुई और निगरानी से परे थी लेकिन अब इसे मजबूत किया गया है।



### ओआईसी प्रणाली समस्याओं को करेगी दूर : अमित शाह

श्री शाह ने कहा कि ओसीआई प्रणाली में आने वाली शुरूआती समस्याओं को इस प्रणाली में दूर कर दिया गया है और इस प्रणाली से 50 लाख से अधिक ओसीआई कार्डधारकों को बहुत सरलता होगी। बीस वर्ष के बाद नया पासपोर्ट जारी होने पर ओसीआई बुकलेट को पुनः जारी करने की आवश्यकता नहीं होगी और कार्डधारकों की पंजीकरण संख्या भी विशेष हो जाएगी. डिजिटल ओसीआई कार्ड होने के बाद दस्तावेज खोने या क्षतिग्रस्त होने की समस्या भी समाप्त हो जाएगी और कार्डधारक स्वयं वास्तविक समय पर सत्यापन कर पाएंगे। एफसीआरए 2.0 पोर्टल और ई-ओसीआई कार्ड का शुभारंभ, बेहतर शासन और सार्वजनिक सेवा वितरण के लिए तकनीक का उपयोग करने की गृह मंत्रालय की एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है.

# दो देशों के 5 शहरों से गुजरेगा खामेनेई का जनाजा

**▶ छठे दिन पैतृक शहर में होंगे सुपर्द-ए-खाक**

**तेहरान, 30 जून. ईरान इतिहास के सबसे बड़े राजकीय जनाजे की तैयारी कर रहा है। शनिवार से शुरू होने वाले छह दिवसीय अंतिम संस्कार कार्यक्रम ईरान और इराक के पाँच शहरों में आयोजित किए जाएंगे.**

इन कार्यक्रमों के दौरान 28 फ़रवरी को युद्ध की शुरुआत में अमेरिका-इजरायल के हमलों में मारे गए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली ख़ामेनेई को उनकी मृत्यु के लगभग चार महीने बाद सुपुर्द-ए-ख़ाक किया जाएगा. इस्लामिक गणराज्य के प्रशासन ने



यह जानकारी दी है.

खामेनेई ने 37 वर्षों तक ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता के रूप में सेवा दी. वर्ष 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद इस्लामी गणराज्य की स्थापना के पश्चात इस पद पर सबसे लंबे समय तक रहने वाले नेताओं में वह दूसरे स्थान पर रहे. वर्ष 1939 में मशहद में जन्मे खामेनेई 1981-1989 के बीच ईरान के राष्ट्रपति रहे. उनके पूर्ववर्ती आयतुल्ला रूहुल्ला खोमेनेई के निधन के बाद उन्हें ईरान का सर्वोच्च नेता चुना गया.



## गंभीर स्थिति होने पर जमानत पर करेंगे विचार : कोर्ट

**नई दिल्ली.** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है. शीर्ष अदालत ने राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया. हालांकि, अदालत ने राजस्थान सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और कहा है कि यदि आसाराम की स्वास्थ्य स्थिति गंभीर होती है या जान को खतरा होता है, तभी जमानत पर विचार किया जाएगा.

# वेनेजुएला में भूकंप में मृतकों की संख्या 1700 पार

**▶ हजारों लोग अब भी लापता जांच में जुटी पुलिस**

**कराकास, 30 जून. वेनेजुएला के तटीय क्षेत्र में पिछले सप्ताह आये रिक्टर पैमाने पर 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो विनाशकारी भूकंपों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1700 से अधिक हो गयी है. अधिकारियों ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी.**

राष्ट्रीय संसद के अध्यक्ष जॉर्ज रोड्रिगेज ने बताया कि भूकंप में अब तक 5,034 लोग घायल हुए हैं, जबकि 15,866 लोग विस्थापित हैं. इसके अलावा 22,619 लोगों का विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार चल रहा है. संयुक्त राष्ट्र के अनुसार अब भी लगभग 68,000 लोग लापता हो सकते हैं, जिसे लेकर



सबसे अधिक चिंता जताई जा रही है. ला गुआइरा प्रांत में सबसे अधिक जनहानि और तबाही हुई है. इसके बाद सरकार ने पूरे क्षेत्र को आपदा प्रभावित घोषित कर वहां सेना की तैनाती कर दी है. भूकंप के पांच दिन बाद भी खोज एवं बचाव अभियान जारी है. भारी मशीनरी के साथ अंतरराष्ट्रीय बचाव दल भी राहत कार्य में जुटे हैं, हालांकि मलबे में दबे लोगों के जीवित मिलने की उम्मीद लगातार कम होती जा रही है.

> **ऑपरेशन अमिस्ताद के तहत भारत की बड़ी पहल**
> भूकंप से प्रभावित वेनेजुएला की मदद के लिए भारत ने ऑपरेशन अमिस्ताद अभियान को ज्यादा तेज कर दिया है. राहत कार्यों का दायरा बढ़ाते हुए भारत अब प्रभावित लोगों को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा और जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध करा रहा है. वेनेजुएला की राजधानी काराकास स्थित भारतीय दूतावास ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए कहा, ऑपरेशन अमिस्ताद के तहत भारत ने वेनेजुएला में भूकंप प्रभावित लोगों तक राहत पहुंचाने के प्रयास और तेज कर दिए हैं.

# जनरल धीरज सेठ ने नये सेना प्रमुख का कार्यभार संभाला

**▶ चार दशक से भी लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत हो गये**

**नई दिल्ली, 30 जून. जनरल धीरज सेठ ने मंगलवार को 31 वें सेना प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया. उन्हें जनरल उपेंद्र द्विवेदी के स्थान पर यह जिम्मेदारी दी गयी है जो चार दशक से भी लंबी सेवा के बाद आज सेवानिवृत हो गये.**

जनरल धीरज सेठ राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला के पूर्व छात्र हैं और दिसंबर 1986 में उन्हें आर्म्ड कोर में कमीशन मिला था. लगभग चार दशकों के शानदार मिलिट्री करियर के दौरान उन्हें संचालन, रणनीतिक, क्षमता विकास और



संस्थागत क्षेत्रों में कार्य का व्यापक अनुभव है. उन्होंने भारतीय सेना की युद्ध क्षमता और सेना में सुधारों में अहम योगदान दिया है. जनरल ऑफिसर ने अलग-अलग संचालन माहौल में अनेक पदों पर रहते हुए कमान संभाली है. वह रेगिस्तानी इलाके में एक आर्म्ड रेजिमेंट, पश्चिमी थिएटर में आर्म्ड ब्रिगेड और जम्मू-कश्मीर में उग्रवाद-विरोधी फोर्स की कमान संभालना चुके हैं.

## एसी कोच से गिरफ्तार कुख्यात संजय सिंह

**पटना.** एक-दो नहीं, पूरे 26 पुलिस केस दर्ज थे. लेकिन, वह फरार था. समय बदला और आज परिवार के साथ चलती ट्रेन की वातानुकूलित बोगी में आराम कर रहे कुख्यात को विशेष टास्क फोर्स ने दबोच लिया. कुख्यात संजय सिंह को एसटीएफ ने जिस फुर्ती से ट्रेन रोक कर उतारा, पत्नी डर गई और आननफानन में छोटा-सा वीडियो जारी कर दिया ताकि एनकाउंटर न हो जाए. संजय सिंह पांडव सेना का सरगना है और दिल्ली से पटना आने के दौरान विक्रमशिला एक्सप्रेस की बोगी नंबर बी 2 में बर्थ नंबर-12 से उसे पुलिस ने उठाया. एसटीएफ ने इस कारवाई में बिहटा पुलिस और राजकीय रेल पुलिस की मदद ली.

# सीबीआई जांच की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने किया इनकार

**याचिकाकर्ता को संबंधित हाईकोर्ट जाने की छूट**

**कोर्ट ने सीधे सुप्रीम कोर्ट आने पर सवाल उठाए**

**नई दिल्ली/भोजपुर, 30 जून. बिहार के भोजपुर में भरत भूषण तिवारी की पुलिस मुठभेड़ में हुई मौत से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया.**

शीर्ष अदालत ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को संबंधित हाईकोर्ट में जाने की स्वतंत्रता दी और कहा कि वह अपनी मांग को लेकर वहां उचित



याचिका दाखिल कर सकता है।सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि यह मामला कथित फर्जी मुठभेड़ से जुड़ा है और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई से जांच कराए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे मामलों का संबंध मौलिक अधिकारों से है.

## आज का इतिहास

1961 : भारत रत्न से सम्मानित देश के महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में उनके जन्मदिन और पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाने की शुरुआत हुई.

1961 : भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का जन्म हरियाणा के करनाल में हुआ था.

1962 : डॉ. बिधान चंद्र रॉय का 80 वर्ष की आयु में निधन हुआ. संयोगवश आज ही के दिन उनका जन्मदिन भी था.

# सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : गडकरी

**▶ सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में**

**▶ सुरक्षित यात्रा के लिए अनेक कदम उठाये जा रहे हैं**

**नई दिल्ली, 30 जून. केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने मंगलवार को कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं और सुरक्षित यात्रा के लिए अनेक कदम उठाये जा रहे है**

गडकरी ने यहां उबर के 'सुरक्षित: सेफ्टी नेवर स्टॉप्स'कार्यक्रम में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में विश्व में सबसे अधिक लोगों की मौत भारत में होती है, जो बड़ी चिंता का




विषय है. इसके मद्देनजर सरकार ने इस मसले को गंभीरता से लेते हुए अनेक उपाय किये हैं. अब सड़क दुर्घटना में घायल हुए किसी व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले को पुलिस या किसी अन्य कानूनी पचड़ों में उलझना नहीं पड़ेगा. घायल की मदद करने वाले व्यक्ति को आर्थिक मदद भी दी जायेगी. सड़क दुर्घटना में घायल किसी व्यक्ति को किसी भी अस्पताल में लाये जाने पर डेढ़ लाख रुपये तक के उपचार का खर्च सरकार वहन करेगी. उन्होंने कहा कि परिजनों के साथ सड़क पार करते समय अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए.

> उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहनों की बिक्री के समय ही संबंधित डीलर को दो हेलमेट ग्राहक को देना अनिवार्य किया गया है. इसी तरह कारों में सीट बेल्ट लगाना जरूरी हो गया है. वाहन चालक मोबाइल फोन पर बात न करें, इसको लेकर यातायात नियम सख्त किये गये हैं. सड़कों के गड्ढे दूर करने की दिशा में भी कदम उठाये जा रहे हैं. सड़क पार करते समय लोगों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि जल्दबाजी में सड़क पार नहीं करनी चाहिए. इस दौरान मोबाइल फोन पर बात न करें.

## संसदीय दिवस पर भाजपा ने दोहराया लोकतांत्रिक संकल्प

**नई दिल्ली.** अंतरराष्ट्रीय संसदीय दिवस पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित अन्य भाजपा नेताओं ने बधाई दी है. संसदीय दिवस को लोकतंत्र की सशक्त नींव, जनसेवा के सर्वोच्च मूल्यों को समर्पित बताया. दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा, संसदीय लोकतंत्र प्रतिनिधित्व, संवाद और जनभागीदारी की मजबूत नींव पर आधारित है. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने एक्स पर पोस्ट किया, केंद्र और नीति-निर्माण को रेखांकित करते अंतरराष्ट्रीय संसदीय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!

## हस्तियों के ट्वीट



देश के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक महत्वपूर्ण पोस्ट साझा करते हुए आयरलैंड की विदेश मंत्री एच.एम. मैकएंटे के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी. देश के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया एक्स एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि आयरलैंड की विदेश मंत्री एच.एम. मैकएंटे से बात करके खुशी हुई. यूरोपीय संघ परिषद की अध्यक्षता संभालने पर आयरलैंड को शुभकामनाएं दीं.



महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक भावनात्मक पोस्ट साझा करते हुए भारतीय सेना की सराहना की. आनंद महिंद्रा के चेयरमैन ने हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि भू-राजनीतिक असर, कूटनीतिक फ़ायदे या सॉफ्ट पावर से मिलने वाले लाभ वगैरह को भूल जाइए... यह बस एक सही काम है... मैं अपनी सेना को सलाम करता हूँ.

## गोरखनाथ मंदिर धमकी कॉल से मचा हड़कंप


**कुशीनगर.** गोरखपुर पुलिस महकमे में उस समय हड़कंप मच गया जब डीआईजी गोरखपुर के मोबाइल पर एक धमकी भरा कॉल आया. कॉल करने वाले ने गोरखनाथ मंदिर और मुख्यमंत्री को बम से उड़ाने की धमकी दी, जिससे सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गईं. शुरुआती जांच में मामला बेहद गंभीर माना गया और पूरे क्षेत्र में पुलिस ने सक्रियता बढ़ा दी. सूचना मिलते ही गोरखपुर और कुशीनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर जांच शुरू की. तकनीकी सर्विलांस की मदद से कॉल करने वाले की लोकेशन कुशीनगर के पटहेरवा थाना क्षेत्र के गांव बलुआ तकिया में ट्रेस हुई.

# विकास की रफ्तार बढ़ाएंगे क्षेत्रीय उद्योग : राजनाथ

**▶ आर्थिक रूप से मजबूत, सशक्त राष्ट्र के निर्माण का संकल्प है**

**नई दिल्ली, 30 जून. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में क्षेत्रीय उद्योगों की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है.**

उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' केवल आर्थिक प्रगति का लक्ष्य नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से मजबूत, तकनीकी रूप से सक्षम और सामाजिक रूप से सशक्त राष्ट्र के निर्माण का संकल्प है. इसके लिए जरूरी है कि क्षेत्रीय क्षमताओं को राष्ट्रीय ताकत में बदला जाए और स्थानीय नवाचारों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा तक पहुंचाया जाए. रक्षा मंत्री मंगलवार को वडोदरा में आयोजित 'वाइब्रेंट गुजरात रीजनल



कॉन्फ्रेंस' में उद्योगपतियों, उद्यमियों, युवा इनोवेटर्स और शिक्षाविदों को संबोधित कर रहे थे. कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह और गुजरात सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. मनीषा भी मौजूद रहीं. राजनाथ सिंह ने कहा कि तेजी से बदलते वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य में भारत की भूमिका और उसकी आत्मनिर्भरता, तकनीकी क्षमता और सामूहिक संकल्प से तय होगी.

### अब रक्षा उत्पादन में निर्यात तेजी से बढ़ रहा है

डिफेंस कॉरिडोर, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, रोजगार और अनुसंधान एवं विकास के माध्यम से देश की औद्योगिक क्षमता को मजबूत किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में रक्षा क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है. भारत कभी अपनी रक्षा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर था, अब रक्षा उत्पादन और निर्यात के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है. स्वदेशी प्लेटफॉर्म, निजी क्षेत्र की भागीदारी और स्टार्टअप्स के योगदान ने देश में मजबूत रक्षा इकोसिस्टम तैयार किया है. राजनाथ सिंह ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत एयरोस्पेस और रक्षा जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में घरेलू क्षमताओं को बढ़ावा दिया जा रहा है.

# केंद्रीय कर्मियों की सैलरी बढ़ने का रास्ता हुआ साफ

**▶ आयोग की अहम डेडलाइन हुई खत्म**

**नई दिल्ली, 30 जून. केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी और भत्तों में बढ़ोतरी का इंतजार कर रहे लाखों लोगों के लिए आज यानी 30 जून का दिन बेहद अहम है. आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के तहत पे रिवीजन के लिए जरूरी डेटा जमा करने की समय सीमा मंगलवार को समाप्त हो रही है.**

केंद्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों, संगठनों और कार्यालयों के लिए यह आखिरी मौका है, क्योंकि आयोग की तरफ से अभी तक इस डेडलाइन को आगे बढ़ाने का कोई एलान नहीं किया गया है. आठवें वेतन आयोग ने साफ कर दिया है कि डेटा सबमिशन की यह पूरी प्रक्रिया सख्ती से केवल ऑनलाइन की जानी है. वेबसाइट पर एक खास पोर्टल और समर्पित लिंक मुहैया कराया है. आयोग ने सख्त निर्देश दिए हैं कि यदि कोई भी विभाग भौतिक रूप में डेटा भेजता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा. इसका मतलब है कि प्रिंट किए गए दस्तावेज, स्टैंडअलोन एक्सेल शीट, हार्ड कॉपी या ईमेल के जरिए भेजी गई जानकारी को आयोग सिरे से खारिज कर देगा.

**पलटवार ▶ रामपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अखिलेश यादव पर तीखा हमला**

# रामभक्तों पर गोली चलाने वाले आस्था सिखा रहे

**लखनऊ, 30 जून. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को मुरादाबाद से रामपुर पहुंचे, जहां शाहबाद में आयोजित जनसभा में उन्होंने क्षेत्र के विकास से जुड़ी 690 करोड़ रुपये की लागत वाली 102 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया. इन परियोजनाओं का लाभ मुख्य रूप से मिलक और बिलासपुर विधानसभा क्षेत्रों के लोगों को मिलेगा.**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी प्रदेश की आर्थिक प्रगति के लिए मजबूत सड़क, बिजली, सिंचाई और अन्य बुनियादी सुविधाएं बेहद जरूरी हैं. उन्होंने



कहा कि सरकार का उद्देश्य हर क्षेत्र तक विकास पहुंचाना है, ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और रोजगार के अवसर बढ़ें. अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर भी जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि पहले विकास कुछ चुनिंदा परिवारों तक सीमित रहता था, लेकिन अब सरकार बिना किसी भेदभाव के हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति पहले की तुलना में काफी बेहतर हुई है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है.

आधारभूत ढांचे का विस्तार हुआ है और विकास की रफ्तार तेज हुई है. कार्यक्रम में भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे. मुख्यमंत्री के आगमन पर उनका जोरदार स्वागत किया गया.

> योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि रामपुर से अन्याय का राज खत्म हो चुका है. रामभक्तों पर गोली चलाने वाले आज आस्था की बातें कर रहे हैं. उनका यह बयान राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसे समाजवादी पार्टी और उसके नेतृत्व पर सीधा हमला माना जा रहा है. मुख्यमंत्री ने सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि गरीब, किसान, महिला और युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के लोगों तक पहुंचाया जा रहा है. उन्होंने दावा किया कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से प्रदेश में निवेश बढ़ा है,.

## सेशेल्स दौरे में मोदी के अनोखे उपहार चर्चा में

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय सेशेल्स दौरा संपन्न कर सोमवार को स्वदेश लौट आए. पीएम मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी, संसद की स्पीकर अजारेल अर्नेस्टा, उपराष्ट्रपति सेबेस्टियन पिल्लई तथा राष्ट्रपति हर्मिनी की पत्नी और सेशेल्स की प्रथम महिला वेरोनिक हर्मिनी को कुछ उपहार भेंट किए. सभी तोहफों में भारत की माटी की सुगंध साफ महसूस की जा सकती है. उत्तर से लेकर दक्षिण, पूरब से लेकर पश्चिम भारत का रंग रचा बसा है.सेशेल्स के राष्ट्रपति हर्मिनी को मुरादाबादी शिल्पकारों के हुनर की मिसाल भेंट की. प्रसिद्ध पीतल शिल्पकला से तैयार यह कलात्मक कछुआ भारत की उत्कृष्ट हस्तशिल्प परंपरा का प्रतीक है. नक्काशी और आकर्षक फिनिश से सुसज्जित है.

# विश्व शांति का मार्ग दिखाएगी सरोज शर्मा की पुस्तक

**▶ 'वैल्यू एंड पीस एजुकेशन: फ्यूचर रोडमैप का विमोचन**

**नई दिल्ली, 30 जून. नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में रांची यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. सरोज शर्मा की नई पुस्तक 'वैल्यू एंड पीस एजुकेशन: फ्यूचर रोडमैप का औपचारिक विमोचन किया गया. पुस्तक का लोकार्पण आईपी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. महेश वर्मा ने किया. समारोह में शिक्षा जगत से जुड़े कई शिक्षाविदों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया.**

पुस्तक विमोचन के अवसर पर डॉ. महेश वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में समाज जिस संक्रमण काल से गुजर रहा है, उसमें मूल्य आधारित शिक्षा की



आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है. उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और बदलती सामाजिक परिस्थितियों के कारण मानवीय एवं सामाजिक मूल्यों का लगातार ह्रास हो रहा है. इसका सीधा असर समाज में शांति, आपसी विश्वास और सामाजिक समरसता पर पड़ रहा है.उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया में शांति की अवधारणा विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रही है, तब ऐसी पुस्तकें केवल अकादमिक दस्तावेज नहीं रहतीं, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने का माध्यम बन जाती हैं. उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पुस्तक लोगों में मानवीय मूल्यों को स्थापित करने, युवाओं को नैतिक शिक्षा के प्रति प्रेरित करने और शांति का संदेश फैलाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी. प्रो. सरोज शर्मा शिक्षा और भारतीय ज्ञान परंपरा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय रही हैं. इससे पहले भी वह भारतीय ज्ञान परंपरा सहित अनेक विषयों पर आधा दर्जन से अधिक चर्चित पुस्तकें लिख चुकी हैं.